पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-डी.एल. (एन.)/084/2012-14 प्रकाशित: 01.06.2014 इस अंक का मूल्य *2* रुपये





।। ओ३म् ।।

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

**Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/**

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-*110007*, चलभाष : 9810117464, 9868051444




**श्री नरेन्द्र मोदी** को
**भारत का प्रधानमन्त्री** मनोनीत होने पर
केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् की ओर से
**हार्दिक बधाई।**

वर्ष-30 अंक-25 ज्येष्ठ-2071 दयानन्दाब्द 190 1 जून से 15 जून 2014 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशित: 1.06.2014, **E-mail : aryayouthn@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com**

!! ओ३म् !!

जहां नहीं होता कभी विश्राम, आर्य युवक परिषद् है उसका नाम

## विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर के उद्घाटन व समापन
## समारोह में पधारने हेतु सस्नेह निमन्त्रण

**स्थान: ऐमिटी इन्टरनेशनल स्कूल, सैक्टर-44, नोएडा**

प्रिय बन्धुवर,

सादर नमस्ते। जैसा कि आप सबको विदित ही है कि केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में नयी युवा पीढ़ी में नैतिक शिक्षा, देश भक्ति, चरित्रवान व संस्कारवान बनाने के लिए **विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर** का रचनात्मक आयोजन दिनांक **7** जून से **15** जून **2014** तक ऐमिटी इन्टरनेशनल स्कूल, सैक्टर-**44**, नोएडा में किया जा रहा है।

शिविर का **उद्घाटन समारोह** रविवार, **8** जून को प्रातः **11.00** से **1.00** बजे तक होगा, जिसमें नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती मीनाक्षी लेखी, डा.सत्यपाल सिंह जी व डॉ. उदित राज संसद सदस्य का अभिनन्दन किया जायेगा। समारोह की अध्यक्षता श्री आनन्द चौहान करेंगे।

एवम्

शिविर का **भव्य समापन समारोह व आर्यो का विशाल मेला** - रविवार, **15** जून **2014** को सांय **5.00** से **7.30** बजे तक ऐमिटी इन्टरनेशनल स्कूल, सैक्टर-**44**, नोएडा में ही होगा,समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय स्वास्थ्य मन्त्री डा.हर्षवर्धन जी होंगे व सांसद डा.महेश शर्मा व श्री महेश गिरी जी का अभिनन्दन किया जायेगा। समारोह की अध्यक्षता डा.अशोक कुमार चौहान जी करेंगे। आर्य युवकों के द्वारा आठ दिन में सीखे गये विभिन्न व्यायाम प्रदर्शन के आकर्षक कार्यक्रम दिखाये जायेगे।

दोनों दिन **समारोह के पश्चात ''ऋषि-लंगर'' का सुन्दर प्रबन्ध रहेगा।**

**अतः आपसे हमारी विशेष प्रार्थना है कि आर्य युवकों के उत्साहवर्धन करने के लिए आप दोनों दिन सपरिवार इष्टमित्रों सहित अवश्य दर्शन दें तथा अपनी आर्य समाज की ओर से सभी सदस्यों की आने जाने की सुविधा के लिए आर.टी.वी, वैन, स्पेशल बसों आदि का प्रबन्ध करके हजारों की संख्या में पहुँचे तथा आर्य समाज की विराट् संगठन शक्ति का परिचय दें।**

परिषद् की गतिविधियां वर्ष भर निरन्तर चलती रहती हैं जिसकी सूचना भी आपको समय समय पर बराबर मिलती रहती है और आप भली भांति जानते ही हैं कि बिना धन के कोई कार्य नहीं हो पाता और यदि आप चाहते हैं कि हम इसी प्रकार से आर्य समाज के प्रचार प्रसार का कार्य अविरल गति से करते रहें तो कृपया अपनी आहूति व्यक्तिगत अथवा अपनी आर्य समाज की और से अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग **''केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्,दिल्ली''** के नाम से क्रास चैक/ड्राफट द्वारा कार्यालयः- आर्य समाज, कबीर बस्ती, पुरानी सब्जी मण्डी, दिल्ली-**110007** के पते पर शीघ्र अति शीघ्र भिजवाने की कृपा करें।

हमें पूरा विश्वास है कि आप इस यज्ञ में अवश्य ही अपनी आहूति डाल कर हमारा उत्साहवर्धन करेंगे तथा निरन्तर चलने वाले ''ऋषि लंगर'' के लिए आटा, दाल, चावल, चीनी, घी, रिफाइण्ड, मसाले, फल-सब्जी, दूध आदि खाद्य सामग्री भिजवा कर भी सहयोग प्रदान करेंगें। धन्यवाद व आभार सहित।

आपके पूर्ण सहयोग की कामना के साथ -

**भवदीय**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **अनिल आर्य** | **महेन्द्र भाई** | **यशोवीर आर्य** | **रामकुमार सिंह** | **धर्मपाल आर्य** |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महामन्त्री | राष्ट्रीय उपाध्यक्ष | राष्ट्रीय उपाध्यक्ष | कोषाध्यक्ष |

**ऐतिहासिक लेखः- श्री अनिल आर्य द्वारा दिनांक 10 जुलाई 2012 को प्रातः 11.01 पर ''आर्य यूथ ग्रुप'' में पोस्ट किया गया लेख आपके अवलोकनार्थः-**

# ''श्री नरेन्द्र मोदी पीएम के मजबूत दावेदार'' भावी पीएम श्री नरेन्द्र मोदी......?


श्री नरेन्द्र मोदी पीएम के लिये मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहे हैं। उनका व्यक्तित्व, कार्य करने की शैली, विकासशील छवि अन्य सभी राजनेताओं पर भारी पड़ती है। 83 प्रतिशत हिन्दुओं के देश में कट्टर हिन्दु पीएम क्यों नहीं बने ....?

क्या पाकिस्तान या अन्य अरब देश में हिन्दू पीएम बन सकता है.? जो हिन्दु आस्थाओं की रक्षा करने में सक्षम हो।

जरा सोचिये आज क्या हो रहा है:-

1. कभी पाठ्य पुस्तकों में मिलावट कर गलत इतिहास नयी पीढ़ी को पढ़ाया जाना ।
2. कभी स्कूलों में सैक्स ऐजूकेशन देने की बात कर भारतीय संस्कृति को खोखला करने का दुष्प्रयास करना ।
3. कभी राम सेतु को हटाने एवम् गिराने की बात करना ।
4. कभी राम और भगवान कृष्ण को काल्पनिक बताते है । उनकी विश्वस्नीयता एवम अस्तित्व पर ही सवाल खड़ा कर देना कहां तक न्यायोचित है ।
5. कभी अमरनाथ श्राईन बोर्ड को जमीन अलाट कर फिर कैंसिल कर देना।
6. कभी दलित ईसाईयों और मुसलमानों को मजहब के नाम पर आरक्षण देने की बात करना ।
7. मदरसों में अनुदान,सहायता देना और गुरूकुलों की उपेक्षा करना ।
8. आज देश की राजनीति एवम युवा शक्ति को जात पात और मजहब के नाम पर कौन बांट रहा है ।
9. क्या इसी कारण आंतकवादी कसाब और अफजल को फांसी देने से सरकार डर रही है ।
10. आखिर यह तुष्टिकरण की नीति देश को कहां ले जायेगी ।
11. जम्मू और कश्मीर से धारा 370 कब हटेगी ।

यह मुददे आज विचारणीय एवम् चिन्ता जनक है। क्या देश फिर 1947 के समय की ओर तो नहीं बढ़ रहा। आर्यो विचार कीजिये--... **(शेष पृष्ठ 4 पर)**


apro/Jg/2014/05/15/Up

दि.: १५-०५-२०१४

**स्नेही श्री अनिलजी,**

सस्नेह आभार,

विक्रम संवत २०७१ नूतन वर्ष की आपकी शुभेच्छा प्राप्त हुई,

धन्यवाद ।

संकल्प और नई आशाओं के साथ हम प्रेम, सद्भावना और राष्ट्रीय एकता की भावना से जुडकर, विकास की ओर गतिशील बनें ।

अभिनंदन के साथ ।

आपका,

(नरेन्द्र मोदी)

To,
**Dr. Anil Aarya,**
Aarya Samaj, Kabir Basti,
Purani Sabji Mandi,
New Delhi – 110 007

नरेन्द्र मोदी
मुख्य मंत्री, गुजरात राज्य

---

।। ओ३म् ।।

## विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर

## उद्घाटन समारोह

**रविवार, 8 जून 2014, प्रातः 11.00 से 1.00 बजे तक**

स्थानः ऐमिटी इन्टरनेशनल स्कूल, सैक्टर-44, नोएडा, उ0प्र0

**मुख्य अतिथि व सार्वजनिक अभिनन्दन**

**श्रीमती मीनाक्षी लेखी** (संसद सदस्य) • **डॉ. उदित राज** (संसद सदस्य) • **डॉ. सत्यपाल सिंह** (संसद सदस्य)

अध्यक्षता : **श्री आनन्द चौहान जी** (निदेशक, ऐमिटी शिक्षण संस्थान)

ध्वजारोहण : **श्री मायाप्रकाश त्यागी जी** (संरक्षक, आर्य उपप्रतिनिधि सभा, गाजियाबाद)

विशिष्ट अतिथि : **श्री अजय चौहान** (प्रधान, आर्य समाज डिफैन्स कॉलोनी)
**श्री प्रभात शेखर** (डायरेक्टर, मनोहरलाल ज्वैलर्स)
**श्री राजीवकुमार परम** (परम डेयरी ग्रुप)

**विशिष्ट अतिथि**

| | | |
|---|---|---|
| डॉ. डी.के.गर्ग | श्री जितेन्द्र नरूला | श्रीमती गायत्री मीना |
| श्री रणसिंह राणा | श्री रविदेव गुप्ता | माता सुषमा सराफ |
| श्री अशोक जेठी | श्री मुंशीराम सेठी | प्रि0 सुभाष श्योराण |
| प्रि.अन्जु महरोत्रा | श्री नवीन रहेजा | श्री के.एल.वर्मा |
| डॉ. आर.के. आर्य | श्री सत्यवीर चौधरी | श्री रामलुभाया महाजन |
| श्री श्रद्धानन्द शर्मा | श्री सुनील गर्ग | कै. रूद्रसेन सिन्धु |
| श्री सी.एल. मोहन | श्री रविन्द्र मेहता | श्री अमीरचन्द रखेजा |
| श्री ओम सपरा | श्री विजय आहूजा | डॉ.वीरपाल विद्यालंकार |
| श्री कपिलकुमार राय | श्री सुरेन्द्र गुप्ता | डॉ. जयेन्द्र आचार्य |
| श्री तिलक चांदना | श्रीमती कविता खन्ना | श्रीमती लक्ष्मी सिन्हा |
| श्री धरमवीर आर्य | श्री प्रदीप तायल | डॉ.ओमप्रकाश मान |
| श्री प्रमोद चौधरी | श्री राजीव चौधरी | श्री योगराज अरोड़ा |
| श्रीमती रचना आहूजा | श्रीमती उर्मिला आर्या | श्रीमती शीला ग्रोवर |
| श्रीमती विजयारानी शर्मा | श्री सुरेन्द्र शास्त्री | पं. रामगोपाल शर्मा |
| श्री जवाहर भाटिया | श्री नरेन्द्र सुमन | श्री सुरेन्द्र कोहली |
| श्री महेन्द्र मनचन्दा | श्रीमती प्रभा ग्रोवर | सुश्री सरोजनी दत्ता |

मधुर भजन : **श्री भानुप्रकाश शास्त्री** (बरेली)

ऋषि लंगर : दोपहर 1.00 से 2.00 बजे तक

---

।। ओ३म् ।।

## भव्य समापन समारोह

**रविवार, 15 जून 2014, सायं 5 से 7.30 बजे तक**

स्थान : ऐमिटी इन्टरनेशनल स्कूल, सैक्टर-44, नोएडा, उ0प्र0

**मुख्य अतिथि व सार्वजनिक अभिनन्दन**

**माननीय डॉ. हर्षवर्धन जी**
(केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मन्त्री, भारत सरकार)

**डॉ. महेश शर्मा** (संसद सदस्य) • **श्री महेश गिरी** (संसद सदस्य)

अध्यक्षता : **डॉ. अशोक कुमार चौहान जी** (संस्थापक अध्यक्ष, ऐमिटी शिक्षण संस्थान)

आशीर्वाद : **डॉ. श्रीमती अमिता चौहान जी** (चेयरपरसन, ऐमिटी इन्टरनेशनल स्कूल्स)

ध्वजारोहण : **श्री दर्शनकुमार अग्निहोत्री** (प्रधान, वैदिक साधन आश्रम)

**सम्मानित अतिथि**

| | | |
|---|---|---|
| श्री शैलेन्द्र अग्रवाल | श्री अरूण गुप्ता | श्री अविनाश बंसल |
| श्री के. एस. यादव | श्री जितेन्द्र डावर | मे.जन.आर.के.एस.भाटिया |
| श्री वजीरसिंह डागर | श्री चत्तरसिंह नागर | श्री अमरनाथ बत्रा |
| श्री रंजन आनन्द | श्री रामकृष्ण सतीजा | श्री सुधीर खुराना |
| श्री राजेश गोयल | श्री धर्मपाल सिब्बल | श्री के.एल.पुरी |
| श्रीमती नीता खन्ना | श्री अशोक सिब्बल | श्री सुधीर मदान |
| श्री रवि चड्डा | श्री सुधीर सिंघल | श्री विजय गुप्त |
| श्री राजेन्द्र लाम्बा | श्री नरेन्द्र कालरा | श्रीमती निर्मल जावा |
| श्री सतीश नारंग | डॉ. सुन्दरलाल कथूरिया | क. जे.एस.रैना |
| लायन प्रमोद सपरा | श्री महेश भार्गव | श्री एस.के.सचदेवा |
| श्री मदनलाल आर्य | श्री प्रवीन.तायल | श्री रजनीश गोयनका |
| श्री विजय कपूर | श्री अशोक सहदेव | श्री कृष्णचन्द पाहूजा |
| श्रीमती स्वर्णा गुप्ता | श्री प्रियव्रत आर्य | श्री राकेश चोपड़ा |
| श्री अजय जिन्दल | श्री अशोक सरदाना | श्री रमेश छाबड़ा |
| श्री नीरज भंडारी | श्री सत्यानन्द आर्य | श्रीमती सुदेश अरोड़ा |
| श्री भारतभूषण साहनी | श्री रमेश गाडी | श्री हरिमोहन शर्मा |
| श्री विजय भास्कर | श्री कस्तूरीलाल मक्कड़ | श्री संजीव सिक्का |

आर्य युवकों द्वारा भव्य व्यायाम प्रदर्शन दिखाये जायेंगे।

ऋषि लंगर : रात्रि 7.30 बजे

### केन्द्रीय आर्य युवती परिषद् दिल्ली प्रदेश के तत्वावधान में

# आठ दिवसीय आर्य कन्या चरित्र निर्माण शिविर का भव्य समापन

## सुसंस्कृत बालिकाओं से ही राष्ट्र का भविष्य–शोभा विजेन्द्र गुप्ता





श्रीमती शोभा विजेन्द्र (पार्षद) का स्वागत करते माता कृष्णबाला, निर्मल जावा, सुषमा आर्या, उर्मिला आर्या व कविता आर्या। मंच पर बायें से आचार्य धूमसिंह शास्त्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनिल आर्य, श्री रणसिंह राणा, श्रीमती ममता नागपाल (पार्षद) व श्रीमती रोजी पण्डित (प्रधान, एच. एम. एस. हरियाणा, महिला विंग)

नई दिल्ली। केन्द्रीय आर्य युवती परिषद्, दिल्ली प्रदेश के तत्वावधान में दिनांक 12 मई से 18 मई 2014 तक आयोजित ''आर्य कन्या चरित्र निर्माण शिविर'' का आर्य समाज,विशाखा एनक्लेव,पीतमपुरा में भव्य समापन हो गया। शिविर में 95 बालिकाओं ने प्रातः 5 बजे से रात्री 10 बजे तक अनुशासित दिनचर्या में रह कर नैतिक शिक्षा, योगासन, संन्ध्या-यज्ञ, जूडो-कराटे, आत्म-रक्षा शिक्षण, डम्बल, लेजियम, स्तूप, लाठी, भाषण कला, व्यक्तित्व विकास एवम् भारतीय संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती शोभा विजेन्द्र (पार्षद) ने कहा कि संस्कारों से ही व्यक्ति अपने कुल व समाज का नाम रोशन करता है और संस्कारवान नारी ही आदर्श समाज का निर्माण कर सकती है, इस दिशा में आर्य युवती परिषद् का प्रयास अत्यन्त सराहनीय है। शिविर में बालिकाओं को जो संस्कार दिये जा रहें वह उनके जीवन में सदैव काम आयेंगे और अच्छी भावी पीढ़ी के निर्माण में सहायक सिद्बहोंगे।

श्रीमती ममता नागपाल (पार्षद) ने कहा कि महर्षि दयानन्द ने नारी उत्थान एवम् सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में जो योगदान दिया उसे भुलाया नही जा सकता। आर्य जनों से कन्या भ्रूण हत्या के विरूद्वजनजागरण अभियान चलाने का उन्होंने आह्वान किया। श्रीमती रेखा गुप्ता (पार्षद) ने कहा कि नारी अब सबला नहीं रही वह हर क्षेत्र में आगे है तथा इन शिविरों से तैयार हो कर नयी उर्जा से कार्य करने का अवसर मिलेगा।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अनिल आर्य ने कहा कि चरित्रवान नागरिक ही राष्ट्र की सबसे बड़ी धरोहर व नींव है, इसके बिना राष्ट्र खोखला हो जाता है। उन्होंने कहा कि आज कन्या भ्रूण हत्या की समस्या बढ़ती जा रही है जो कि देश के लिए चिन्ता जनक है, हमें इसकी गम्भीरता को समझना चाहिए।

समारोह अध्यक्ष श्री रणसिंह राणा ने कहा कि चरित्रवान नारी ही समाज का मूल आधार है, यदि नारी सुशिक्षित, सुस्कृत, चरित्रवान होगी तो वैसे ही राष्ट्र का निर्माण कर सकेगी। शिविर संयोजिका उर्मिला आर्या ने कहा कि जब तक नारी सबल नहीं होगी तब तक जीवन में आने वाली समस्याओं से मुकाबला नहीं कर पायेगी

आर्य नेता श्री सत्यप्रकाश आर्य, मंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, मनोहरलाल चावला, नीता खन्ना, दयावन्ती सचदेवा, निर्मल जावा, वेदप्रभा बरेजा, रचना आहूजा, सुषमा अरोड़ा, सुदेशवीर आर्या, डा.निष्ठा, अनिता कुमार, अर्चना पुष्करणा, प्रवीन आर्या, विम्मी अरोड़ा, महेन्द्र भाई, कृष्णचन्द पाहुजा, सुषमा शर्मा, विजय भूषण आर्य, सुषमा आर्या, रोजी पण्डित आदि ने भी अपने विचार रखे। श्री सौरभ गुप्ता के निर्देशन में बालिकाओं द्वारा व्यायाम प्रदर्शन के आकर्षक कार्यक्रम दिखाये गये। श्री सुरेन्द्र गुप्ता, धर्मवीर आर्य, सुशीला सेठी, मनीषा ग्रोवर, रतन सिंह, प्रवीन आर्य, अरूण आर्य, सरोजनी दता, अन्जु जावा, रामदेव आर्य का विशेष योगदान रहा।




आर्य युवतियां सैनिक अभिवादन करते हुए व द्वितीय चित्र में श्रीमती ममता नागपाल (पार्षद) का स्वागत करते हुए प्रभारी श्रीमती नीता खन्ना, वेदप्रभा बरेजा, रोजी पण्डित, निर्मल जावा, माता कृष्णबाला व उर्मिला आर्या।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री जी.एम.सिद्धेश्वरा व हास्य योग गुरू जितेन कोही का अभिनन्दन





कर्नाटक के सांसद श्री जी. एम. सिद्धेश्वरा के केन्द्रीय राज्य मंत्री बनने पर अभिनन्दन करते श्री अनिल आर्य व श्री सुरेश आर्य। द्वितीय चित्र में हास्य योग गुरू श्री जितेन कोही के 51 वें जन्मोत्सव पर बधाई देते श्री अनिल आर्य, प्रवीन आर्या, रणसिंह राणा, शिशुपाल आर्य, देवेन्द्र भगत, प्रवीन आर्य आदि।

# बहरोड़ राजस्थान में युवक चरित्र निर्माण शिविर का भव्य शुभारम्भ






रविवार, 25 मई 2014, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् राजस्थान के तत्वावधान में डी.वी.एम.पब्लिक स्कूल, बहरोड़ में आयोजित शिविर उद्घाटन पर सम्बोधित करते प्रान्तीय अध्यक्ष श्री रामकृष्ण शास्त्री, मंच पर स्वामी सुधानन्द योगी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनिल आर्य, श्री प्रवीन आर्य, श्री रणसिंह राणा। द्वितीय चित्र में पत्रकार श्री रजनीश शर्मा का स्वागत करते श्री अनिल आर्य, श्री रणसिंह राणा, श्री योगी जी, रामकृष्ण शास्त्री व सत्यपाल आर्य।

# सोनीपत में स्वास्थ्य जांच शिविर व भलस्वा में शिविर लगा






रविवार, 25 मई 2014, केन्द्रीय आर्य युवती परिषद् हरियाणा के तत्वावधान में रोटरी क्लब सोनीपत के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। चित्र में अतिथि का स्वागत करते प्रान्तीय अध्यक्षा श्रीमती सरस्वती आर्या, महामंत्री दीपा आर्या, राष्ट्रीय महामंत्री श्री महेन्द्र भाई, नरेन्द्र आर्य व अमित आर्य। द्वितीय चित्र में भलस्वा शाखा, दिल्ली के अध्यक्ष श्री नन्द किशोर शास्त्री का स्वागत करते श्री महेन्द्र भाई जी व माधव आर्य।

# बहरोड़ में श्रीमती प्रवीन आर्या का स्वागत व आर्य युवक





रविवार, 25 मई 2014, बहरोड़ शिविर में श्रीमती प्रवीन आर्या का स्वागत करते श्री सुनीता आर्या व श्री रामकृष्ण शास्त्री व सामने शिविरार्थी आर्य युवक।

# जीन्द शिविर सम्पन्न




रविवार, 25 मई 2014, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् जीन्द के तत्वावधान में आयोजित शिविर समापन में युवकों के साथ श्री रामकुमार सिंह, श्री धर्मपाल आर्य व श्री योगेन्द्र शास्त्री आदि।

(पृष्ठ 2 का शेष)

मै समझता हूँ कि श्री नरेन्द्र मोदी जैसा व्यक्ति राष्ट्र की जरूरत है। बाबरी मस्जिद को तोड़ना कोई अपराध नहीं था, यदि कोई जिन्दा कौम अपनी गुलामी के चिन्ह हटाना चाहती है तो उसे स्वाभिमान के साथ ऐसा करना ही चाहिये ।

यदि गौधरा ट्रेन में बेकसूर हिन्दू यात्रियों को जिन्दा जलाया जाता है तो प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है, जिन्दा कौम को प्रतिक्रिया देनी ही चाहिये।

यदि 1947 में ट्रेनों में लाशें कट कट कर पाकिस्तान में वापिस ना भेजी जाती तो शायद हिन्दू पाकिस्तान से बच कर ना आ पाते ।

इस लिये श्री नरेन्द्र मोदी ही पीएम का विकल्प हैं। सभी देश भक्तो को उन्हें अवसर देना चाहिये अन्यथा हिन्दुओं का भारत के सिवा विश्व में कोई आसरा देने वाला नहीं है। भुटान जैसे देश से भी 1 लाख 30 हजार हिन्दू निकाले जा चुके है। 1947 में जो हिन्दू जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान से विस्थापित हो कर आये थे उन्हें आज भी वोट देने का अधिकार नहीं है। कुछ तो विचार करो ।

**''वक्त की फिक कर नादां मुसीबत आने वाली है,**
**तेरी बरबादियों के चर्चे होंगे आसमानों में''**

–अनिल आर्य

सम्पादकः **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970